हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

06 कैबिनेट मंत्री ने सोनकच्छ विधानसभा में 1754.74...



09 रोजगार मेला में 576 अभ्यर्थियों का चयन किया...





## खबर संक्षेप

### कोदो - कुटकी उपार्जन के पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में कोदो- कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मैहर, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है। खरीफ वर्ष 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 से 24 अक्टूबर तक पंजीयन किए जाने का निर्णय लिया गया था। अब तिथि को बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक किया गया है।

### 14 हजार 727 किसानों से 25 हजार 999 टन सोयाबीन की खरीदी

**सीहोर।** प्रदेश में सोयाबीन की बिक्री के लिए लागू की गई भावांतर योजना में 9 लाख 36 हजार 352 किसानों ने पंजीयन कराया है। सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है जो 15 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। अभी तक 14 हजार 727 किसानों से 25 हजार 999 टन सोयाबीन खरीदी गई है। 27 अक्टूबर को 7 हजार 981 किसानों से 14 हजार 214 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। कृषि उपज मंडी उज्जैन में सर्वाधिक 529, देवास में 512, ताल में 486, इंदौर में 455, खातेगांव में 425, बैरसिया में 396, आगर में 376, सागर में 368, आष्टा में 339 और शाजापुर में 335 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। प्रदेश में सोयाबीन की बुवाई का रकवा वर्तमान में 53.20 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष 55.54 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ है। सोयाबीन खरीदी के प्रथम मॉडल भाव की घोषणा 7 नवंबर 2025 को की जाएगी।

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल 30 को सीहोर आएंगे



**सीहोर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल 30 अक्टूबर को सीहोर के आरएके कृषि महाविद्यालय में एक समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान वे नवनिर्मित कन्या छात्रावास भवन और एरोपोनिक्स इकाई का लोकार्पण करेंगे। इस लोकार्पण समारोह में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एंदल सिंह कंषाना और कुलगुरु डॉ. अरविंद कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे प्रवचन में मुनि विवर्धन सागर बोले...

# रूप पर कभी घमंड नहीं करना, यह मानव शरीर सड़ने-गलने वाला है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




जिसको बार-बार भाया जाए वही भावना है, जिसकी जहां रुचि होती है वही वह अपना भाव लगता है। कोई धर्म के प्रति अपनी भावना लगता है। संसार की कोई वस्तु नित्य नहीं रहती है इसे अनित्य भावना कहते हैं। आत्मा शाश्वत है, जिसने मृत्यु की शाश्वत्ता को समझ लिया वही अशुचि भावना को समझ सकता है। अपने रूप पर कभी घमंड नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह मानव शरीर सड़ने-गलने वाला है।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनिश्री ने कहाकि 12 भावना जीवन को उत्कृष्टता प्रदान करती है। वैराग्य की जननी भावना होती है, भावना संसार से विरक्ति करवाती है। बोधि दुर्लभ भावना से मनुष्य जन्म दुर्लभ है। इसका बोध करवाती है। लोक में रहते हुए हम शुभ व अशुभ भावना को जानते हैं। यह देह अशुचि, अपावन है। वास्तविकता में यह देह अशुचि पदार्थों से बनी हुई है। यह देह हड्डियों एवं मांस से भरी हुई है। एवं त्वचा से आच्छादित है, अपवित्र है। उन्होंने कहा कि बाहर से तो यहां शरीर बड़ा सुंदर दिखता है। इसको सुंदर बनाने में हम लगे रहते हैं। हमारी दृष्टि हमेशा शरीर में ही रहती है, जब तक शरीर में उलझे रहेंगे आत्मा की और हमारी दृष्टि नहीं जा पाती है। जितना इस शरीर को पोषोगे उतना ही वहां दुःख देगा। उन्होंने कहाकि विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का सेवन करने वाले को बीमारियां घेर लेती है। जो व्यक्ति धर्म के मार्ग पर चलता है तथा जीवन को संयमी बना लेता है। उसको बीमारियां नहीं आती है। वस्तुओं को छोड़ने का अगर अभ्यास रहता है तो वस्तु को छोड़ने में तकलीफ नहीं आती। जहां राग होता है वहां संकल्प विकल्प होते हैं। जहां वैराग्य भाव होता है वहां मनुष्य नियम का अच्छे से पालन कर लेता हैं।

मुनिश्री ने कहाकि कुछ लोग बकरी के समान दिन भर चरते रहते हैं। श्रावक को दिन में दो या तीन बार ही खाना चाहिए। नियम संयम से होने पर शरीर सुखी रहेगा। साधना से आनंद व सुख की प्राप्ति होगी। नियम न लेने पर संकल्प विकल्प बढ़ते रहते हैं। यह हड्डियों से बना ढांचा है हम डॉक्टर के यहां कंकाल देखते हैं कंकाल को देखकर हमको नींद नहीं आती है। शरीर मांस से और त्वचा से ढका है। सड़न गलन स्वभाव वाला वह शरीर है। इसीलिए रत्नत्रय को धारण करना चाहिए। तभी शुद्ध से सिद्ध शील प्राप्त होती है। फिर यह सड़ने गलने वाला शरीर धारण नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहाकि एक्सीडेंट वाले शरीर को देखकर ऐसा लगता है कि शरीर दुर्गंधमय लगता है। हमारा शरीर भी दुर्गंधमय है। अर्जुन कृष्ण के साथ रथ में जा रहे थे रथ रुक जाता है। केशव को अर्जुन कहते हैं कि सामने कुत्ता मृत अवस्था में पड़ा है। निर्विचित्सा धारण करने पर ही हम किसी की समाधि या संलेखना करवा सकते हैं। मुनिश्री ने कहाकि जीवन में किसी को भी कोई रोग हो सकता है। पैरालिसिस में शरीर काम करना बंद कर देता है। मल- मूत्र ही बिस्तर पर करना पड़ता है। ऐसे रोगी की सेवा निर्विचित्साधारी गुण वाला व्यक्ति ही कर सकता है। एक- एक , दो-दो साल तक रोगी की सेवा करना पड़ सकती है। रोग में समता भाव हमें रखना चाहिए।

मुनिश्री ने बताया कि निर्यापक मुनि संलेखना के समय मुनि की भावना भी देखी जाती है। शरीर की कब कैसी अवस्था बन जाए कहां नहीं जा सकता है। विपरीत परिस्थितियां होने पर भी दिगंबर संत खड़े होकर ही आहार ग्रहण करते हैं। यम संलेखना के समय निर्यापक मुनि आहार निहार की उचित व्यवस्था देखते हैं। समाधि के समय देह से दुर्गंध आने लगती है। फिर भी सेवा करने वाले पीछे नहीं हटते हैं। जो साधक क्षपक मुनिराज की सेवा करता है वही 16 कारण भावना भा सकता है। उन्होंने कहाकि प्रत्येक शरीर में कई प्रकार के रोग होते हैं। कब कौन से रोग का उदय हो जाए कहां नहीं जा सकता। छोटी आयु के लोगों को हार्ट अटैक आने लगे हैं। शरीर दुर्गंध वस्तुओं से बना है। शरीर में रोग होने पर भूख नहीं लगती है। अंतिम समय में आहार न लेने के कारण यह शरीर कांटे के समान क्षीण हो जाता है। शरीर ढांचे के समान हो जाता है। आज श्री सुंदर दिखाई देता है लेकिन रोग या मरण के समय इस शरीर का स्वरूप ही बदल जाता है।

मुनिश्री ने कहाकि रूप का कभी भी अभिमान मत करना। एक वेश्या ने संत के रूप को देखकर उनसे राग व प्रीति की बात करने लगी। लेकिन संत अपनी साधना में ही लीन रहे। संत ने वेश्या के रूप को देखकर कहा कि तुम्हारा यह रूप आगे ऐसा नहीं रहेगा। वेश्या अगली बार पुनः संत से मिलती है। संत उसे एक सेवफल देते हैं तथा एक माह बाद उस सेवफल को लाने को कहा। वेश्या एक माह बाद उस सेवफल को संत के पास ले जाती है जो सड़ गल गया था। संत कहते हैं कि इस सेवफल के समान ही तुम्हारा यहां शरीर सड़ने गलने लग जाएगा। मुनिश्री ने बताया कि शमशान में जाते समय वैराग्य के भाव आ जाते हैं पुनः घर पर आने से वैराग्य के भाव समाप्त हो जाते हैं। सभी के शरीर की अवस्था अंत में ऐसी होना है। अंत में अरिहंत नाम सत्य है, सिद्ध नाम सत्य है। बोलना पड़ता है।

### चालक वाहन छोड़कर हो गया फरार

# नशे के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई स्कॉर्पियो से अवैध शराब जब्त की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि को थाना नलखेड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग के स्कॉर्पियो वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर कानड़ रोड से नलखेड़ा की ओर आ रहा है। सूचना पर थाना नलखेड़ा से टीम गठित कर आवश्यक बल के साथ नाकाबंदी के लिए रवाना किया गया।

**पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया**

पुलिस टीम ने नलखेड़ा-कानड़ रोड पर नजरखेड़ा जोड़ के पास पुलिया पर नाकाबंदी की। कुछ समय बाद रात्रि लगभग 11:25 बजे एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो क्रमांक जीजे 01 आरजे 2048 आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर वाहन चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। मुखबिर सूचना के अनुसार उक्त व्यक्ति की पहचान नागु उर्फ नागेन्द्र सिंह पिता सरदार सिंह सौंधिया निवासी ग्राम सुरजनी थाना नलखेड़ा के रूप में हुई। मौके पर अंधेरा अधिक होने से वाहन को थाना नलखेड़ा परिसर लाया गया जहां स्कॉर्पियो वाहन की तलाशी ली गई। वाहन के अंदर से अत्यधिक मात्रा में अवैध देशी मदिरा एवं पावर बीयर केन बरामद की गईं। बरामद शराब एवं वाहन को विधिवत जब्त कर कार्रवाई की गई।

जप्तशुदा मश्रूका में देशी प्लेन मदिरा 28 पेटी (प्रत्येक में 50 क्वार्टर कुल 1400 क्वार्टर 252 बल्क लीटर) कीमत 1 लाख 26 हजार रुपये। पावर बीयर केन 5 पेटी (प्रत्येक में 24 केन कुल 120 केन 60 बल्क लीटर) कीमत 18 हजार रुपये। साथ ही स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया गया है।

मामले में पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। आरोपी नागु उर्फ नागेन्द्र सिंह पिता सरदार सिंह सौंधिया निवासी ग्राम सुरजनी थाना नलखेड़ा की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी नागेश यादव, सउनि दरबार सिंह जादोन, प्रधान आरक्षक शंभु सिंह जाट ,आरक्षक रविशंकर चौहेला, आरक्षक पदम शाक्य एवं आरक्षक राजेश दांगी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा इस उत्कृष्ट कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

# शिकायतों का समाधानकारी निराकरण करें : कलेक्टर



**नलखेड़ा।** विभागों को विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय पर समाधानकारी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन, जन आंकाक्षा पोर्टल व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका बिना देरी के निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में शिकायतकर्ता की संतुष्टी के साथ करें और पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण जबाव दर्ज किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रति सप्ताह समीक्षा बैठक होगी, जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण में रूचि नहीं ली जाएगी और लापरवाही बरती जाएगी उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। राजस्व विभाग नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन संबंधी शिकायतों का निराकरण करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम मिलिन्द ढ़ोके, डिप्टी कलेक्टर प्रेमनारायण परमार सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### बल्डावदा हनुमान मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन आज

**नलखेड़ा।** पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरुवार को सायं 6.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। इसके पूर्व हनुमान जी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती का आयोजन होगा। अन्नकूट महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्त प्रसादी ग्रहण करेंगे।



# जनसुनवाई में किसान की गुहार, खेत का रास्ता रोका, दबंगों ने किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इछावर निवासी किसान रूपसिंह वर्मा ने मंगलवार को कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर दबंगों पर कड़ी कार्रवाई और रास्ते पर से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। किसान रूपसिंह वर्मा ने बताया कि 23 अक्टूबर की सुबह करीब 7.40 बजे जब वह अपने भाई दीपक के साथ ट्रैक्टर लेकर कल्याणपुरा रोड पर स्थित अपने खेत में बोनी करने जा रहे थे, तभी उस पर जानलेवा हमला किया गया।

किसान रूपसिंह का आरोप है कि लखनलाल और उसके परिवार के अन्य छह सदस्य खेत के रास्ते पर आ गए और उनका ट्रैक्टर रोककर रास्ता निकालने से मना कर दिया। जब रूपसिंह ट्रैक्टर पीछे करने लगे तो आरोपी मोहित ने ट्रैक्टर के पीछे मोटर साइकिल खड़ी कर दी, जिससे उनका रास्ता बंद हो गया। रूपसिंह के अनुसार आरोपी लखनलाल ने सामने से पत्थर मारकर हमला किया, जो उनके सीधे हाथ में लगा। वहीं राजेश ने उनका पैर पकडक़र खींचा और मोहित ने किसी नुकीली चीज से बाएं हाथ में मारा, जिससे खून निकलने लगा।

#### जान बचाकर भागे दोनों भाई

दोनों भाई जब ट्रैक्टर भगाकर भाग रहे थे तब आरोपियों ने पत्थर बरसाए, जिससे रूपसिंह और उनके भाई दीपक को पैर, हाथ और पीठ में चोटें आईं। उन्होंने बताया कि कल्याणपुरा मुख्य रास्ते पर पहुंचने पर भी आरोपियों ने आड़ी मोटर साइकिलें खड़ी करके रास्ता रोका और जान से मारने की कोशिश की, जिसके बाद दोनों भाई जान बचाकर दोबारा कल्याणपुरा गांव की तरफ भागे। इसके बाद 112 नंबर पर पुलिस को बुलाया गया, जिसे देखकर सभी आरोपी भाग गए।


#### एसडीएम व तहसीलदार को भी दिए आवेदन

किसान रूपसिंह वर्मा ने जनसुनवाई में कलेक्टर को बताया कि उन्होंने इस घटना की रिपोर्ट इछावर थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों द्वारा पूर्व में भी जान से मारने की कोशिश की जा चुकी है। रूपसिंह ने बताया कि रास्ते पर कब्जे को लेकर उनके द्वारा पहले भी कई बार तहसील कार्यालय, एसडीएम और तहसीलदार को आवेदन दिए गए हैं, परन्तु अभी तक किसी ने भी मौके पर पहुंचकर कोई कार्रवाई नहीं की और न ही रास्ता खुलवाया। किसान रूपसिंह वर्मा ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द उनके खेत पर जाने का रास्ता खुलवाया जाए साथ सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### एसडीएम व तहसीलदार ने किया सीहोर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

# किसान बोले : हमारे आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है भावांतर योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर द्वारा सभी अनुभागों के एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों को मंडियों का सतत निरीक्षण करने और किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में एसडीएम तन्मय वर्मा एवं तहसीलदार डॉ. अमित सिंह ने सीहोर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नीलामी शेड, तुलाई प्रक्रिया, भुगतान पंजीयन एवं खरीदी की व्यवस्था देखी। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए, किसानों को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े तथा तुलाई और भुगतान की प्रक्रिया समयसीमा में पूरी हो। उन्होंने कहा कि जिले में भावांतर योजना का क्रियान्वयन किसानों के हित में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। शासन और प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य और समय पर भुगतान प्राप्त हो।

मंडी परिसर में किसानों में भावांतर योजना को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। किसानों ने कहा कि इस योजना ने उनकी मेहनत को उचित मूल्य दिलाने का भरोसा दिया है। किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई यह पहल उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष की रेस शुरू, बुदनी-आष्टा की चार नेत्रियों ने ठोकी दावेदारी

### सीहोर-इछावर से एक भी महिला नेता नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के निर्देश सीहोर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष की नवीन नियुक्ति के लिए संगठन सृजन अभियान के तहत रायशुमारी शुरू हो गई है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में महिला कांग्रेस नेत्रियों के बायोडाटा लिए गए।

हालांकि इस दावेदारी की रेस में एक रोचक तस्वीर सामने आई है। जिला अध्यक्ष पद के लिए कुल चार महिला नेत्रियों ने अपनी दावेदारी जताई है, इनमें बुदनी से 3 और आष्टा से 1 दावेदार हैं।

हैरानी की बात यह है कि जिला मुख्यालय सीहोर और इछावर विधानसभा क्षेत्र से एक भी महिला नेत्री ने दावेदारी नहीं जताई है। यह रायशुमारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में जिला प्रभारी चंदा चौहान और महक राणा के विशेष आतिथ्य में आयोजित की गई।

#### गुलाब बाई ठाकुर ने फिर जताई दावेदारी

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहीं गुलाब बाई ठाकुर को हाल ही में प्रदेश महासचिव बनाया गया है। प्रदेश में पदोन्नति के बावजूद उन्होंने फिर से जिलाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी जताई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष का नाम महिने भर में तय हो जाएगा।

**इछावर-सीहोर में महिला नेत्रियों का टोटा:** रायशुमारी में यह बात सामने आई कि जिला कांग्रेस के पास इछावर में महिला नेत्रियों का टोटा है।

वहीं जिला मुख्यालय सीहोर में भी सक्रिय महिला कांग्रेस नेत्रियों का अभाव दिख रहा है, यही वजह है कि इन दोनों क्षेत्रों से एक भी महिला नेत्री ने दावेदारी के लिए बायोडाटा नहीं दिया।

## खबर संक्षेप

### देवास की रग्बी टीम ने जीता सिल्वर मेडल



**देवास।** भोपाल के एलएनसीटी कॉलेज में 26 से 28 अक्टूबर तक आयोजित छठी सब जूनियर रग्बी राज्य स्तरीय चौंपियनशिप में देवास की रग्बी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। देवास जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव संदीप जाधव एवं सह-सचिव सूरज वामनिया ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरे जोश और टीम भावना के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। टीम में कप्तान आदित्य पटेल, उपकप्तान आरुष मालवीय, तथा खिलाड़ी आदित्य जायसवाल, प्रिंस मालवीय, वंश जायसवाल, विराज यादव, अश्विन राठौर, आदित्य राठौर, आयुष परमार, शरद यादव, दिव्यांश कराड़िया, देवराज कराड़िया और समर्थ शामिल थे। टीम को जिला रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख, उपाध्यक्ष अलका कनौजिया, सुमित शर्मा , उदय भावसार, निखिल सिंह महर, विशाल सिंह, लखन योगी, रोहित चौधरी, सुजल पटेल, निखिल पटेल, हर्ष प्रजापत, स्नेहा मेहर, हरिप्रिया यादव, ईशा लोट, आयुष योगी, आयुष लोधी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्य ने हार्दिक बधाई दी।

### जिला पंचायत सीईओ ने किया पौधारोपण



**देवास।** जिले में एक बगिया माँ के नाम परियोजना अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा खेत में बगिया का निर्माण किया जा रहा है। एक बगिया माँ के नाम परियोजना अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत लोहार पिपलिया में हितग्राही रुक्मणी के साथ मिलकर पौधारोपण किया। साथ ही ग्राम पंचायत क्षिप्रा की हितग्राही सावित्रा बाई के खेत पर निर्मित अमरूद की बगिया का निरीक्षण किया।

### भौरासा को मिली विकास कार्यों की सौगात, अपने संबोधन के दौरान मंत्री ने की क्षेत्रीय विधायक की जमकर तारीफ

# कैबिनेट मंत्री ने सोनकच्छ विधानसभा में 1754.74 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन





### केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं: मंत्री विजयवर्गीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को देवास जिले की सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में 1754.74 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने ग्राम संवरसी में शहीद संजय मीणा के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों से चर्चा की।

#### करोड़ों के कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने सोनकच्छ विधानसभा अंतर्गत 1754.74 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने नगर भौंरासा में 588.92 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत कुलाला में 141.51 लाख रुपए की राशि से निर्मित जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना एवं पानी टंकी का लोकार्पण किया। टोंकखुर्द में 556.81 लाख रुपए की राशि दो विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें 131 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भवन एवं 425.81 लाख रुपए की राशि से रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग का कार्य शामिल है। इसी प्रकार पांदा में 37.50 लाख रुपए की राशि से निर्मित होने वाले ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन, ग्राम खरेली में 123.20 लाख रुपए की राशि से निर्मित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण, ग्राम चिड़ावद में 306.80 लाख रुपए की राशि से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। नगर बाबा भंवरनाथ की नगरी एवं बाबा भंवरनाथ मंडल अंतर्गत भौरासा में बुधवार को प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रथम नगर




आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान लगभग 50 से अधिक मंच बनाए गए। भौरासा फाटे पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने दिए समय पर 12 बजे पहुंचे। जहां क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर द्वारा दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव,जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई भेरूलाल अटारिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। स्वागत पश्चात भौरासा फाटे पर विधानसभा मंडल भौरासा के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने मंच बनाए हुए थे। स्वागत मंचों से भौरासा नगर तक भव्य आतिशबाजी की गई। मंत्री विजयवर्गीय का पुष्प वर्षा के साथ नगर में आगमन किया। विजयवर्गीय ने छोटे हनुमान चौक पर बने मंच से विशाल आमसभा का संबोधित का किया। स्वागत मार्ग पर जेसीबी से नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के द्वारा पुष्प वर्षा की गई जिसे वहा उपस्थित जन निहारते रहे। नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, रोहित जायसवाल, छोटू लाल लोधी, मनीष यादव, सचिन यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, सुरेश मालवीय, विनोद डोडिया सहित समस्त पार्षदों द्वारा भव्य विशालकाय फूल माला से कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय,विधायक डॉ. राजेश सोनकर, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव,मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद पालीवाल ने किया।

#### कई विकास कार्यों की ओर की मांग

नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी द्वारा नगर के 15 वार्ड में सीसी रोड, नाली निर्माण,संजय नगर मार्ग,नगर परिषद भवन के ऊपर नया भवन निर्माण,स्वागत द्वार सहित नगर विकास कार्य संबंधित मांग पत्र मंत्री विजयवर्गीय को दिया। जिस पर मंत्री ने सहमति जताई। साथ ही क्षेत्रीय विधायक डॉ. सोनकर ने सोनकच्छ विधानसभा सभा अंतर्गत भाजपा सरकार द्वारा किए करोड़ों के विकास कार्यों को बताया और चंबल कालीसिंध लिंक परियोजना के चलते विधानसभा के डूब में जाने वाले ग्रामों को पूर्णिमित योजना मे शामिल करने के बारे में बताया गया।

#### विधायक सोनकर मेरे छोटे भाई

कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि जब में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजेश सोनकर के लिए प्रचार करने आया था तब आपको कहा था कि कांग्रेस ने सालों से सोनकच्छ पर राज किया परन्तु विकास नहीं किया। आज सोनकच्छ विकास की पटरी पर चल रहा हैं। विधायक डॉ राजेश बाबू मेरा छोटा भाई है और छोटे भाई ने सोनकच्छ को अपना परिवार माना है तो फिर में बड़े भाई होने के नाते कैसे छोटे भाई के परिवार को तकलीफ में रहने दूंगा। सोनकच्छ के संबंधित किसी भी विभाग से संबंधित विकास की बात होगी उसको जरूर पूरा करूंगा। आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा। आपके विधायक डॉ. राजेश सोनकर वैसे भी विकासशील नेता है। विकास को लेकर वे स्वयं कोई समझौता नहीं करते है।

#### कुलाला, संवरसी भी पहुंचे विजयवर्गीय

मंत्री विजयवर्गीय कुलाला, संवरसी की ओर रवाना हुए। जहां टंकी चौराहा पर भाजपा नेता प्रेमचन्द सेठी अग्रवाल के निवेदन पर अपना काफिला रोककर भाजपा के पितृ पुरुष स्व. जेठमल पालीवाल के चित्र पर माल्यार्पण किया और स्व. पालीवाल के बारे में उनके साथ जुड़ी अपनी स्मृतियों को बताया। इस दौरान,जिला उपाध्यक्ष निरंजन सिंह सेंगर,गौतम सिंह राजपूत,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत,बहादुरसिंह पिलवानी,पृथ्वीराज सिंह रजापुर,सुखदेव सिंह लालाखेड़ी,महेश पाटीदार, डॉ रूप सिंह नागर,प्रेमचंद सेठी अग्रवाल,प्रदीप मंत्री,प्रमोद पालीवाल,नरेंद्र माली,अजब सिंह धाकड़,नीरज ठाकुर,मनीष यादव,प्रदीप ठाकुर, हिम्मत सिंह ठाकुर,जीवन सिंह राजपूत, अर्जुनसिंह सेंधव, बद्री लाल लोधी, संजय यादव अश्विन जायसवाल, अजय यादव मुकेश कुमावत, राजेश लोधी, छोटू माली, मौसम माली, नकुल अग्रवाल, अनिल चावड़ा उपस्थित रहे।

## निगम परिषद की बैठक में चप्पल की माला पहनकर पहुंची भाजपा पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कमलापुर

बुधवार को आयोजित निगम परिषद की बैठक में भारतीय जनता पार्टी की पार्षद चप्पल की माला पहनकर निगम पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों पर भ्रष्ट और कामचोरी का आरोप लगाया। वार्ड की समस्याओं का समाधान न होने पर अधिकारियों से सवाल-जबाव किए।नगर निगम परिषद बैठक सम्मेलन में वार्ड क्रमांक 24 की भाजपा पार्षद रितु सावनेर चप्पलों की माला पहनकर शामिल हुईं, जो चर्चा का विषय बन गया।

पार्षद सावनेर ने बताया कि वे अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर कई बार निगम अधिकारियों को अवगत करा चुकी हैं, लेकिन उनकी शिकायतों का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने अधिकारियों पर भ्रष्ट और कामचोर होने का आरोप भी लगाया।बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से सवाल-जवाब किए, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिले। एक कांग्रेस पार्षद ने उनसे महिला होने के नाते चप्पलों की माला उतारने का आग्रह किया। बैठक में कांग्रेस पार्षद दीपेश कानूनगो और भाजपा नेता मनीष सेन के



बीच कुछ देर के लिए बहस भी हुई।

वार्ड क्रमांक 24 की भाजपा पार्षद रितु सावनेर ने बताया कि वार्ड के लोग अच्छा काम होता है। तो फूलों की माला हमें अर्पण करते हैं लेकिन अभी हमारे वार्ड की जो दयनीय स्थिति नगर निगम ने बनाकर रखी है। उसी लिए में यह चप्पलों की माला पहनकर आई हूं।मैंने स्वयं इसे स्वीकार किया है। मेरे वार्डवासी गलत नहीं है, तो मुझे यह पहनने में भी कोई परेशानी नहीं है।कई माह और सालों से मेरे वार्ड में नाली पानी सभी प्रकार की मूलभूत समस्याएं वार्ड में व्याप्त हैं। जिनकी यहां के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

मैंने कलेक्टर साहब को भी आवेदन दिया है। मेरे पास सभी आवेदन रखे हुए है। मुझे न्याय चाहिए मेरी यह समस्या हल नहीं हुई तो मैं यही माला संबंधित अधिकारी जो भी जिम्मेदार होगा उसे अर्पण करूंगी।

## नाबालिग के साथ बलात्कार के चिन्हित प्रकरण में आरोपी को पेशेवर विवेचना कर कराया आजीवन सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा शुरू किए गए "ऑपरेशन संकल्प" के तहत 18 दिसंबर 24 को थाना सोनकच्छ पर फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी पिता उम्र 27 साल निवासी ग्राम चौबारा जागीर सोनकच्छ देवास जो कि उसका पति है ने फरियादी के साथ मारपीट की एवं कमरे मे बंद कर उसकी नाबालिग बालिका को अलग कमरे मे ले जाकर कमरा बंद कर बलात्संग किया। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना सोनकच्छ पर अपराध क्रमांक 787/2024 के अंतर्गत विभिन्न संगीन धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना निरीक्षक



श्यामचंद्र शर्मा एवं उनि ज्योति पाटीदार के द्वारा की जाकर 19 दिसंबर 24 को आरोपी को गिरफ्तार किया गया । प्रकरण की विवेचना पूर्ण होने पर चालान क्रमांक 38/2025 27 जनवरी 25 को तैयार किया गया और 27 फरवरी को चालान कोर्ट में पेश किया गया।प्रकरण के माननीय न्यायालय में विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा जारी समस्त आदेशिकाओं की तामीली समय से कराई गई । प्रकरण की पैरवीकर्ता सहायक जिला लोक अभीयोजक महेंद्र सितोले द्वारा अभियोजन की सटीक पैरवी एवं उक्त प्रकरण में विवेचक की उत्कृष्ट विवेचना के फलस्वरूप द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश राकेश जामरा न्यायालय सोनकच्छ ने आरोपी निवासी ग्राम चौबारा जागीर सोनकच्छ देवास द्वारा अभियोक्त्री के साथ बलात्संग कारित कर प्रवेशन लैंगिक हमला कारित करने के संबंध में आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास व 4,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण मे कोर्ट मोहर्रिर के रुप में आर जसवंत पवार,कोर्ट मुंशी के रुप में आर सतीश भगत एवं वारंट मुंशी के रुप में आर रवि पाटीदार द्वारा कार्य किया। पुलिस कप्तान पुनीत गेहलोद के अनुसार इस वर्ष पुलिस नें हत्या के 18, हत्या के प्रयास 12, बलात्संग के 25, छेड़खानी के 20, लूट के 01, मारपीट के 28, गौवंश तस्करी के 06, मादक पदार्थ के 04, आबकारी के 02, धोखाधड़ी के 07 में न्यायालय से कठोर दण्ड दिलवाकर पीड़ितों को न्याय दिलवाया हैं। एसपी ने टीम को प्रशंसित करते हुए आगामी प्रकरणों में और अधिक दता से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

### संभाग आयुक्त ने कृषि उपज मंडी देवास में सोयाबीन उपार्जन कार्य का किया निरीक्षण

# भावांतर योजना: सोयाबीन की खरीदी प्रक्रिया का किया अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी सोयाबीन उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा भावांतर योजना शुरू की गई है। सोयाबीन उपार्जन के लिए देवास जिले की मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह के साथ कृषि उपज मंडी देवास में सोयाबीन उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने कृषि उपज मंडी देवास में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और किसानों से चर्चा कर भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी प्रक्रिया देखी और सोयाबीन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण पश्चात संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कृषि उपज मंडी कार्यालय में व्यापारियों से चर्चा की। उन्होंने इस दौरान खरीदी संबंधी जानकारी भी ली। संभाग आयुक्त सिंह ने कहा कि किसानों का समय पर भुगतान करें। भुगतान में कोई समस्या आये तो समस्या का तुरन्त हल निकालें और किसानों को समय पर भुगतान करें। इस दौरान बताया गया कि जिले में भावांतर योजना अंतर्गत लगभग 63 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसमें अब तक लगभग 25 सौ किसानों द्वारा जिले की सोयाबीन विक्रय किया गया है। इस दौरान एसडीएम आनंद मालवीय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग ने सोनकच्छ में कार्रवाई कर किया प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आबकारी विभाग द्वारा मंगलवार को आबकारी की टीम द्वारा आबकारी वृत्त सोनकच्छ क्षेत्र में गस्त के दौरान बस स्टैंड सोनकच्छ पर एक बिना नंबर की इलेक्ट्रिक स्कूटर जो की संदिग्ध दिखाई दी। इलेक्ट्रिक स्कूटर को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक तेजी से वाहन लेकर भागने लगा, जिसका पीछा किया गया तो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी पर आगे रखे एक थैले से 50 पाव विदेशी मदिरा बरामद की गई। फरार चालक के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ,जप्त सामग्री एवं वाहन का मूल्य लगभग 70000 रुपये है । कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रायकवार आरक्षक अरविंद, निकिता परमार, सैनिक किशोर, अनिल सम्मिलित रहे।

## खबर संक्षेप



### मजबूर की जान बचाने पर शिक्षक को सम्मानित किया

**ललितपुर।** नगर के मर्दन सिंह इंटर कॉलेज तालबेहट के शिक्षक नितिन अग्निहोत्री को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। शिक्षक को बीते दिनों जानकारी हुई कि झांसी मेडिकल कॉलेज पर गरीब मजदूर खांदी तालबेहट निवासी नंदू कुशवाहा का भतीजा लिवर सिरोसिस कि बिमारी से ग्रस्त है और उसे तत्काल रक्त और आर्थिक सहयता कि आवश्यकता है। उन्होंने तुरंत रक्त देकर और आर्थिक सहयता देकर उसकी प्राण रक्षा की उसके स्वस्थ होने पर उनके परिजनों द्वारा उनका आभार जताया। ललितपुर अमझरा धाम पर संगतीमय सुन्दर काण्ड का आयोजन किया गया। युवक के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक ने सभी आगंतुकों को मिष्टान वितरित किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ जिलाध्यक्ष संतोष दासजी महराज, महामंडलेश्वर भावना गोस्वामीजी का आशीर्वाद मिला। साथ में सुरेश सिंह, सचिन दुबे, आकाश सिंह, वीरबहादुर सिंह, तोलाराम शर्मा, विकास खटीक और सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में नगालैंड के ट्रक चालक पर केस

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम सतौरा निवासी राजकुमार तिवारी पुत्र रामस्वरूप तिवारी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह एक किसान है और उसका ट्रैक्टर पंजीयन नं. यू.पी.94 ए.एच. 0975 से करीब 40 कुन्तल मूंगफली लेकर ललितपुर मण्डी में बेचने के लिए बीती 17 अक्टूबर को आ रहा था। ट्रैक्टर का ड्राईवर गांव का अशोक पुत्र शिवराज चला रहा था और बटाईदार मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत ग्राम मोहरी निवासी नत्थूसिंह पुत्र खुमान बैठा हुआ था। बताया कि वह नेशनल हाई-वे पर घटवार गऊशाला के सामने ब्रज पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण दोनों ओर का ट्राफिक एक ही ओर से निकाला जा रहा था। इसी बीच सामने से आ रहे ट्रक नं. एन.एल. 01 ए.ई. 0945 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर पर बैठा साझेदार नत्थू सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि साथ में चल रहे गांव के मनोहर सिंह पुत्र सूरत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया व ट्रैक्टर चालक अशोक दूर जा गिरा और चोटिल हुआ। इसके अलावा ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदी 40 कुन्तल मूंगफली का भी नुकसान हुआ। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत पर एक ही परिवार के बीच हुई मारपीट

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट अंतर्गत ग्राम देवरी में रहने वाले रविन्द्र राजपूत पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गत दिवस जब वह अपने कुंआ पर भैंस लगाने जा रहा था, तभी गांव के सागर पुत्र छोटेलाल, दीपक पुत्र सागर व दीक्षा पुत्री सागर ने एकराय होकर कुंआ पर आते ही गालियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से हमलावर होकर सिर में कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाव करने पहुंची पत्नी के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रश्मि पत्नी सागर सिंह ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह कुंआ से पानी निकाल रही थी, तभी देवर रविन्द्र और देवरानी रानी, रूकमन ने गालियां देते हुये मारपीट की, जिससे वह घायल हो गयी। मारपीट का विरोध करने पर उसकी पुत्री दीक्षा के साथ भी मारपीट की गयी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

नवागंतुक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने संभाला पदभार, बताई प्राथमिकताएं

# अतिक्रमण, अवैध खनन-कब्जा व शराब की बिक्री से निपटने की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के आईएएस अधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने आज 29 अक्टूबर बुधवार को जनपद के जिलाधिकारी के रूप में कलैक्ट्रेट सभागार में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया और जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण कराया। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया बंधुओं से वार्ता कर जिले के विकास के लिए अपनी प्राथमिकताएं बतायीं। नवागंतुक जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों का परिचय प्राप्त करते हुए बताया कि वे 2016 बैच के अधिकारी हैं, जिन्हे पहली पोस्टिंग चित्रकूट में असिस्टेंट कलेक्टर के रूप में मिली थी। दूसरी पोस्टिंग जौनपुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुप में, फतेहपुर में मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज में सहायक आयुक्त आबकारी एवं झासी में नगर आयुक्त के पद पर तैनात रहे तथा वर्तमान में ललितपुर में जिलाधिकारी के रुप में पदभार ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि जनपद के सभी विभागों में जनता दरबार के प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा, निर्धारित समय में विभागों के अधिकारी व वे स्वयं अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का निस्तारण करायेंगे, इसके साथ ही रैण्डम आधार पर विभागों का निरीक्षण किया जाएगा और अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा अधिकारियों से सुनिश्चित कराया जाएगा कि वे आम जनता और पत्रकारों के फोन उठाकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनता और पत्रकार बंधुओं के द्वारा जनपद की जो भी समस्याएं बतायी जायेंगी उनकी निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शहर की ज्वलंत समस्या अतिक्रमण, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध खनन, अवैध कब्जे और अवैध शराब की बिक्री से निपटने के लिए मास्टर प्लान बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। बाल विवाह, स्कूल से ड्रॉपआउट किशारियों की शिक्षा और अन्य समस्याओं पर भी अभियान अभियान चलाकर कार्य किया जाएगा और शासन की कल्याणकारी योजनाओं को गरीब व पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा।



### *जनसुवाई के दौरान फरियादियों को सुना*

*इसके अलावा जिलाधिकारी ने जनसुवाई के दौरान फरियादियों को सुना, एक बुजुर्ग दम्पत्ति ने उनके उपचार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को प्रार्थना पत्र सौंपकर बुजुर्ग दम्पति को आर्थिक सहायता दिलाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में चकबंदी के कई प्रकरण आये, जिस पर एसओसी चकबंदी को मौके पर बुलाकर जिले में चकबंदी प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कि चकबंदी और तहसील की टीम बनाकर सम्बंधित ग्रामों में चकबंदी कार्य त्वरित गति से कराया जाए। इसके अलावा एक शिकायत राशन कार्ड में आधार सीड न होने बतायी गई, जिसमें लाभार्थी लगभग दो वर्षों से परेशान हो रहा था, मौके पर ही जिला पूर्ति अधिकारी को सम्बंधित प्रार्थना पत्र सौंपकर एक सप्ताह के भीतर निस्तारण कराते हुए अवगत कराने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी अधिकारी अपने स्तर पर शिकायती पत्रों को लम्बित नहीं रखेगा, शिकायत मिलते ही त्वरित और प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए।*

जिले के दौरे पर पहुंचे

## उप निदेशक ने हाईटेक नर्सरियों कृषक प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि उप निदेशक उद्यान मंडल झांसी ने जिले का दौरा किया। उद्यान विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र एवं रा.पौ. खिरिया लटकनजू में निर्मित हाईटेक नर्सरियों का निरीक्षण कर सब्जी पौध बेहन, पौध उत्पादन का निरीक्षण किया।

उन्होंने प्रभारियों को निर्देशित किया कि पौधशालाओं में तैयार की जा रही पौध निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर कृषकों को उपलब्ध करायें। निरीक्षण में पाया गया कि रा.पौ. में 50 हजार पौध तैयार है एवं कृषि विज्ञान केन्द्र 40 हजार पौध तैयार पायी गयी। निरीक्षण के समय उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार एवं उद्यान निरीक्षण रंजीत यादव उपस्थित थे। ग्राम बुढ़वार की महिला किसान ममता देवी के प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर मे. ट्रियू वैल्यू इरीगेशन फर्म से 2 एकड़ में ड्रिप सिंचाई पद्धति स्थापित कराकर गेंदा की खेती की जा रही है। किसान ने बताया कि 1.50 लाख की लागत लगाकर गेंदा की खेती की जिसमें उसे अब तक 2 लाख का मुनाफा हुआ है। और लगभग इतनी ही फसल और प्राप्त होगी। बताया कि मल्चिंग शीट लगाकर टपक सिंचाई प्रणाली से सिंचाई करने पर कम पानी में भी अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उप निदेशक उद्यान द्वारा निर्देशित किया गया कि औद्यानिक फसलों की खेती हेतु इच्छुक किसानों को योजनाओं का लाभ देकर प्रोत्साहित किया जाये जिससे किसानों की आय बढ़ायी जा सके।

निरूद्ध बंदियों से वार्तालाप किया

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के निर्देशानुसार मयंक जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार, ललितपुर में निरीक्षण किया गया। मयंक जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के द्वारा जिला कारागार, ललितपुर निरीक्षण में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह कारागार प्रशासन के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र भेज सकते है। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सांयं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। जिला कारागार में निरीक्षण के समय शिव मूरत सिंह, जेल अधीक्षक, जीवन सिंह जेलर, प्रिन्स बाबू, कारापाल, एवं न्यायालय की ओर से श्री नदीम खां उपस्थित रहे।

## गो पुत्र सेना ने निकाली पदयात्रा, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



**गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग**

सनातन परंपरा और भारतीय संस्कृति की मूल चेतना का प्रतीक गो माता को भारत की राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर गो पुत्र सेना ने बुधवार को एक ऐतिहासिक पदयात्रा एवं ज्ञापन अभियान आयोजित किया। सुबह श्रद्धालु एवं गो सेवक बड़ी संख्या में तुवन मंदिर परिसर में एकत्र हुए। श्रीहनुमान जी महाराज का आशीर्वाद लेकर गो माता को राष्ट्र माता बनाओ, गो हमारी माता है- भारत की पहचान है जैसे गगनभेदी नारों के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। पदयात्रा में विद्यार्थियों, किसानों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा तुवन मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची, जहां गौ पुत्र सेना के सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वेद, पुराण और उपनिषदों के शास्त्रोक्त उद्धरणों के साथ यह स्पष्ट किया गया कि गौ केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की आत्मा, संस्कृति की धारा और स्वास्थ्य की जननी है। ज्ञापन में कहा गया कि ऋग्वेद, अथर्ववेद और ब्रह्मवैवर्त पुराण में गो को विश्वमाता, कामधेनु और अघ्न्या के रूप में वर्णित किया गया है। अतएव गौ माता को राष्ट्र माता का संवैधानिक एवं सर्वोच्च दर्जा देकर भारत की सनातन आत्मा को सम्मानित किया जाना चाहिए। ज्ञापन में मांगें उठायी गयी कि गौमाता को राष्ट्र माता का संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाए। राष्ट्रीय गौ आयोग का गठन किया जाए। विद्यालयों व विश्वविद्यालयों में गो विज्ञान एवं पंचगव्य चिकित्सा पर पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं। गोवंश हत्या पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय कानून बनाया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि गो-आधारित कृषि, पंचगव्य चिकित्सा और पर्यावरणीय संतुलन भारत को आत्मनिर्भर एवं विश्वगुरु बनाने की दिशा में निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं। गौ पुत्र सेना के प्रशांत शुक्ला ने कहा कि गो माता भारत की संस्कृति का हृदय हैं। उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा मिलना न केवल श्रद्धा का विषय है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक आत्मनिर्भरता की पुनर्स्थापना का मार्ग है। इस दौरान श्रीतुवन मंदिर के महन्त रामलखनदास जी, प्रशांत शुक्ला, पर्यावरणविद पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., हरेंद्र राजा, अनुज, आदित्य राजा, अनुज शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, राजेश यादव, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, सचिन जैन बॉस, डा.प्रबल सक्सेना, भरत रिछारिया, डा.संजीव कड़ंकी, रामेश्वर मालवीय, रमेश गांधी, बृजेश पंथ, मनीष दुबे दरौनी, डा.दीपक पस्तोर, शुभम पस्तोर, सत्यम, मोनू, प्रदीप, प्रशांत सोनी, विक्की बाबा, सानू करौसिया, विनीत तिवारी, पत्रकार अमित लखेरा, कपिल, विकास झां, रक्षिक, सोनू पाल, अंकित, गौरव, अंशु, श्लोक, आयुष, रोहित, आदर्श, सक्षम, शिवम देवलिया, शशिकांत राजपूत, दीपक, गोविंदा, रोहित, नितिन झा, मोनू, रवि, अमन, संदीप पाल, मनोज, जालम, आशुतोष शर्मा, रविकांत तिवारी, अंतरिक्ष, राजकुमार शर्मा, दिनेश पांडेय, शिवम पाराशर, अन्नत शर्मा, हर्ष पटेरिया, रामकुमार तिवारी, वासुदेव पटवा, कुलदीप द्विवेदी, जितेन्द्र नायक, आशीष, रामरतन राय, जयराम सेन, उमेश सुड़ेले, अंकुर जैन शानू, अमन सोनी, दीपक पाराशर, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रेस क्लब ललितपुर, विश्व हिंदू परिषद, अन्नपूर्णा सेवा समिति, अन्नत सेवा ग्रुप, बजरंग सेना, दयोदय गौशाला, सहकार भारती, ललितपुर सेवा ग्रुप तथा अधिवक्ता संवाद के सदस्यों ने इस अभियान में सक्रिय सहभागिता दी। कार्यक्रम का समापन जय गौ माता जय भारत माता के उद्घोष और राष्ट्रहित में एकजुटता के संकल्प के साथ हुआ।

एसआईआर कराने बनाई रणनीति

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम भंडार गृह का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025-26 कार्यक्रम के सम्बंध में आयोग द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों की जानकारी जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रदान कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का परिचय प्राप्त करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक एसआईआर से सम्बंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण कराया जाएगा, 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराये जायेंगे, 09 दिसम्बर को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा, दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस जारी किये जायेंगे, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण तथा गणना प्रपत्रों का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किया जाएगा तथा 07 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि अतिंम पुनरीक्षण की सूची सभी बीएलओ को प्राप्त करा दी गई है। इसके अलावा उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से उनके सुझाव भी जाने और उप जिला निर्वाचन अधिकारी को इनका निस्तारण कराने के निर्देश भी दिये। उप जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने राजनैतिक दलों को एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है, वर्ष 1951 से 2004 तक 8 बार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण किया जा चुका है, प्रदेश में अन्तिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था, जिससे जनपद की दोनो विधानसभाओं में मतदाता सूची का 60 प्रतिशत मिलान हो चुका है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से एसआईआर की प्रक्रिया, मुख्य चरण, सांकेतिक दस्तावेजों की सूची, प्रमुख पदाधिकारी सहित विभिन्न चरणों के बारे में जानकारी दी। बैठक के उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम भण्डार गृह का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। बैठक में मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी, रजनीश कुमार, उप जिलाधिकारी महरौनी, अभिजीत सिंह, शैलेन्द्र चौधरी उप जिलाधिकारी मडावरा, निशान्त तिवारी, उप जिलाधिकारी पाली, डीएस दयाल जिला सूचना अधिकारी, समर सिंह सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनैतिक दलों से हर दयाल सिंह लोधी जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी, अजय तोमर, जिला महासचिव इण्डियन नेशनल कॉग्रेस, महेश कुमार जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी, नेपाल सिंह यादव जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, कपिल कुमार जिला प्रभारी बहुजन समाज पार्टी, अनेक सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा ने किया आयोजन

## मनाई आराध्य देव श्रीसहस्त्रबाहु जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम आराध्य देव श्रीसहस्त्रबाहुजी जयंती श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास सहित समिति के कार्यालय जायसवाल कम्प्लेक्स नजाई बाजार मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ संरक्षक रामेश्वर प्रसाद जायसवाल, संरक्षक प्रकाश जायसवाल, पवन जायसवाल एड.,बद्रीप्रसाद राय, कन्हैयालाल राय, वेदप्रकाश जायसवाल द्वारा दीप प्रज्वलित एवं उपाध्यक्ष संजय जायसवाल, मदनमोहन जायसवाल, विनोद जायसवाल, मनोज शिवहरे, सुरेन्द्र जायसवाल, ओ.पी.शिवहरे द्वारा माल्यार्पण करके किया गया। संचालन ब्रजेश नारायण जायसवाल महामंत्री ने किया। इस दौरान हरचरण राय, विष्णुकांत जायसवाल, जयप्रकाश नारायण जायसवाल, लक्ष्मीनारायण जायसवाल, मनीष जायसवाल, नितिन जायसवाल, यथार्थ जायसवाल, हरीराम राय, कैलाश नारायण जायसवाल, सक्षम जायसवाल, आशीष जायसवाल, बाबी जायसवाल, अमित जायसवाल, दिनेश जायसवाल, अरूण जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, प्रभात जायसवाल, आशा जायसवाल, उर्मिला जायसवाल, रेखा जायसवाल, सुशीला जायसवाल, अनीता जायसवाल, शोभा जायसवाल, काव्या जायसवाल, रितु जायसवाल, खूशबु जायसवाल सहित भारी संख्या में स्वजातीय बंधु बच्चे उपस्थित रहे। अन्त में वरिष्ठ संरक्षक रामेश्वर प्रसाद जायसवाल ने सभी का आभार जताया।




## बाइक की जोरदार टक्कर से घायल युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महरौनी कोतवाली अंतर्गत ग्राम छिल्ला में रहने वाले भान सिंह पुत्र जयराम सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 अक्टूबर को शाम करीब 6.30 बजे उसका भाई प्रतिपाल सिंह अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ई 5790 पर सवार होकर महरौनी से छिल्ला की ओर आ रहा था। वह जैसे ही राजेश की दुकान को मुड़ा तभी चरन सिंह के मकान के पास सामने से आ रही मोटर साइकिल नं. एम.पी. 36 जेड.एच. 6327 के चालक मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत देहात निवासी जानकी प्रसाद पुत्र रजन ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई प्रतिपाल गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। प्रतिपाल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। झांसी मेडीकल कॉलेज में आराम न मिलने के कारण उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 6 अक्टूबर को उन्होंने मना कर दिया। जिसके बाद वह प्रतिपाल को वापस ललितपुर ले आये, यहां उपचार के दौरान 6 अक्टूबर को प्रतिपाल की शाम करीब 7.20 बजे मृत्यु हो गयी। घटना के समय गांव के राजेश पुत्र चरन सिंह, बलवंत सिंह पुत्र पुनू मौजूद थे।

पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज में काउन्सिलिंग कार्यशाला हुई

# रोजगार मेला में 576 अभ्यर्थियों का चयन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला सेवायोजन कार्यालय,और पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी ललितपुर के संयुक्त तत्वाधान में विधानसभावार एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक, ललितपुर रामरतन कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती जी के माल्यार्पणएवं दीप प्रज्वलन कर तथा सभी अतिथियों का स्वागत बैज पहनाकर किया गया । सर्वप्रथम आकाँक्षा यादव जिला सेवायोजन अधिकारी ललितपुर द्वारा वृहद रोजगार मेले में मुख्य अतिथि महोदय का सभी नियोजकों से परिचय कराया ।

मुख्य अतिथि ने रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे सभी अभ्यर्थियों को जनपद के बाहर की कम्पनियों में उनकी योग्यता अनुसार रोजगार पाने हेतु प्रेरित किया वृहद रोजगार मेले के साथ ही कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल एवं सेवायोजन पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गयी। काउन्सलर गगन चतुर्वेदी द्वारा अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु स्नातक एवं परास्नातक के बाद रोजगार के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया। वृहद रोजगार मेले में कुल 09 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें कुल 967 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिया गया। साक्षात्कार उपरान्त कुल 576 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। साक्षात्कार में चयनित कुछ अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये । कार्यक्रम में निदेशक सौरभ यादव एवं पूजा यादव, एवं प्राचार्य डा विनोद यादव, उपस्थित रही । अन्त में पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डा महेश कुमार झाँ द्वारा वृहद रोजगार मेले में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया । साथ ही वृहद रोजगार मेले की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह आयोजनों को कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय से अनुरोध किया गया । उक्त कार्यक्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा मेले के सफल आयोजन हेतु अपना योगदान दिया गया।






### प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ

# वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक

## जांच हुई तो वित्तीय अनियमित्ता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम


बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

उपार्जन के समय वेयरहाउस कर्मचारियों की बढ़ती संख्या तो ठीक परंतु उपार्जन के बाद भी उतने ही कर्मचारियों का लगातार कई वर्षों से काम करते रहना ब्यावरा वेयरहाउस प्रबंधक पर प्रश्नचिंह लगाता है। जब उपार्जन के बाद कम काम है या काम नहीं है तो भी सरकारी पैसे का दुरूप्योग क्यों किया जा रहा है। यह हाल है ब्यावरा वेयरहाउस का जहां पर आउटसोर्स कर्मचारी अपनी मनमौजी प्रथा के चलते बिना रोक टोक अनुपस्थित आउटसोर्स कर्मचारियों को उपस्थित बताने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं वेयरहाउस ब्यावरा में 23-24 कर्मचारियों में से मात्र 12 ही ड्यूटी पर उपस्थित होते हैं बाकी 12 कर्मचारियों की वेतन कौन हजम कर रहा है यह जांच का विषय है। सरकारी पैसा खाकर अब यह कर्मचारी इतने ताकतबर हो चुके हैं कि कलेक्टर के जांच आदेश को भी अनदेखा कर दिया गया है और 1 महीने के बाद भी जिला प्रबंधक ने जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को नहीं सौंपी है।

### कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑफिशियल जांच जरूरी

वेयरहाउस में आउटसोर्स पर काम करने वाला कप्यूटर ऑपरेटर शिवमान सिंह राठौर का पिछले सालों का इतिहास जांच में लिया जाए तो सरकारी पैसे की बंदरबांट में प्रमुख किरदार है। हालांकि सारी रिपोर्ट पर वेयरहाउस प्रबंधक दीप्ती सिंह के हस्ताक्षर होते हैं तो वह भी इस षडयंत्र में शामिल होंगी ही यह जांच का विषय है। जिसके चलते वर्षों से कई आउटसोर्स कर्मचारियों का पैसा हजम किया जा रहा है।

**इनका कहना है...**

*आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन सीट पर मेरे ही हस्ताक्षर होते हैं। यदि ऐसा है कि कर्मचारी काम पर नहीं आ रहे तो मैं दिखवा लेती हूं।*

*दीप्ती सिंह*
*प्रबंधक ब्यावरा वेयरहाउस*

### 23 में से 12 कर्मचारी ही करते हैं काम बाकी का सिर्फ नाम

*वर्षों से स्वयं आउटसोर्स पर काम करते करते एक कंप्यूटर ऑपरेटर सेंटिंग करने में इतना आगे निकल गया कि वर्षों से अपने लडके सुरेन्द्र सिंह के नाम से पैसे निकाल रहा है जबकि वह अपनी पढाई के लिए दूसरे शहर में रह रहा है इसी तरह कई कर्मचारियों के पैसे निकाले जाते है और वह आपस में बांट लिए जाते है। प्रशासन जांच कर सरकारी पैसों की चल रही बंदरबांट पर रोक लगाए। उल्लेखनीय है कि ब्यावरा वेयरहाउस पर 29 आउटसोर्स कर्मचारियों में से मात्र 18 कर्मचारी ही मौजूद रहते हैं।*

### पिछले तीन महीनों में कम हुए कर्मचारी

*ब्यावरा वेयरहाउस द्वारा पिछले तीन महीनों में आउटसोर्स कर्मचारियों जो कि पहले ही अनुपस्थित रहते थे उन्हें हटाने का दिखावा किया गया जबकि सालों से वह अपनी वेतन पा रहे थे। इसका मुख्य कारण संजय दांगी का नरसिंहगढ़ से ब्यावरा आना माना जा रहा है। अब देखना यह है कि भ्रष्ट कर्मचारियों पर शिकंजा कसता है या फिर सरकार को चूना लगाने का काम सतत जारी रहेगा।*


### छीना प्रभारी प्राचार्य का प्रभार, दूसरे शिक्षक को सौंपा

# बीसी में प्राचार्य के जवाब से नाराज हुए डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

अधिकारी के सामने सच बोलना भी कभी कभी भारी पड़ जाता है और उसके परिणाम किसी भी हद तक जा सकते हैं। खिलचीपुर ब्लॉक के पीपल्याकलां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य के पद पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले देवनारायण दांगी पिछले दिनों हुई बीसी में जिला शिक्षा अधिकारी के एक प्रश्न के उत्तर देने के चलते उनके कोप का शिकार हो गए। जबकि प्राचार्य देवनारायण दांगी ने अपने अल्प कार्यकाल में स्कूल को व्यवस्थित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। साथ ही परीक्षा परिणामों को सुधारने के लिए भी शिक्षक न होने पर स्वयं आगे बढ़कर क्लास में जाते थे और बच्चों को पढ़ाते थे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक प्राचार्य के साथ इस तरह का व्यवहार शिक्षिक वर्ग की हठधर्मिता का उदाहरण की कहा जा सकता है।

सूत्रों की माने तो पिछले दिनों पीपल्याकलां स्कूल की एक शिक्षिका को जीरापुर छात्रावास का चार्ज देने और स्कूली बच्चों की पढ़ाई का नुकसान होने को लेकर प्राचार्य ने अपनी बात डीईओ से रखी थी परंतु शिक्षिका राजनीतिक रूप से ज्यादा सक्षम होने के चलते क्या प्राचार्य को हटाया गया। यदि ऐसा है तो यह होनहार बच्चों के भविष्य के लिए नुकसान दायक सिद्ध न हो जाए।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
क्रमांक/स्था-1/2025/4049 राजगढ़ दिनांक 24/10/25
//आदेश//
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला राजगढ़ (म.प्र.)
क्रमांक/स्था-1/2025/4050

## चोर गिरफ्तार, किराना दुकान में की थी चोरी



**माचलपुर।** नगर पुलिस द्वारा करीब 45 दिनों पूर्व एक किराना व्यवसाई की दुकान से दिन दहाड़े की गई चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार फरियादी दिनेश पिता सत्यनारायण अग्रवाल द्वारा थाने 15 से 20 हजार रुपए बजरंग रोड पर स्थित अपने किराने की दुकान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर टी आई पूजा परिहार द्वारा संघन जांच की जा रही थी इसी तारतम्य में सीसीटीवी खंगाले गए वही संदिग्धों से पूछताछ की गई इसमें सफलता नहीं मिली,बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश मुखबिरों की सक्रियता को बढ़ाया और इसमें जो सूचनाएं मिली उस आधार पर 26 अक्टूबर को टीम गठित की। टिम ने दो अज्ञात आरोपी गिरफ्तार किया जिन्होंने अपना नाम कमलसिंह पिता कालुसिंह सोधिया उम्र 24 वर्ष निवासी धन्याखेड़ी दूसरा आरोपी जतिन उर्फ नाना पिता दिलीप माली उम्र 24 वर्ष निवासी छोटा जिन दोनों सुसनेर जिला पूछताछ की गई जिसमें अपना चोरी कबूल की। पुलिस आरोपी से चोरी राशि बरामद कर आरोपियों को न्यायलय पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# हरियाली के दुश्मनों पर वन विभाग के उड़नदस्ते ने की कार्रवाई

## अवैध लकड़ियों से भरे 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

हरियाली के दुश्मनों पर वन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। विभाग के विशेष उड़नदस्ते ने अलग-अलग स्थानों पर हो रहे लकड़ियों के अवैध परिवहन पर लगाम कसते हुए दो तस्करों को पकड़कर भारी मात्रा में बमूल, खांकरा आदि लकड़ियां जब्त करते हुए वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

वन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी देवकरण भिलाला को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि जीरापुर कोर्ट मार्ग पर टैक्टर-ट्रॉली से कार्रवाई का अवैध परिवहन होने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर घेराबंदी की। इस दौरान सामने से आ रहे एक टैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया जिसमें लकड़ियां भरी हुई थी। इन लकड़ियों के बारे जब टैक्टर चालक सलीम खान से पूछताछ करने पर कागजात मांगे गए तो वो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद टीम ने लकड़ियों से भरी टैक्टर-ट्रॉली को माचलपुर थाने में खड़ा करवा दिया।

### माचलपुर-घोघटपुर मार्ग पर भी कार्रवाई की

इसी तरह की एक अन्य कार्यवाही गोघटपुर-माचलपुर मार्ग पर की गई। यहां गश्त के दौरान एक टैक्टर-ट्रॉली में काफी संख्या में लकड़ियां भरी पाई गईं। इन लकड़ियों भी अवैध रूप से पेड़ों को काटकर लाई जा रही थीं। इस पर टीम ने बजरंग गुर्जर पर मप्र वनउपज अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन को जब्ती में लिया है। उल्लेखनीय है कि माचलपुर क्षेत्र की सीमा राजस्थान राज्य से मिली हुई है। ऐसे में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर लकड़ी तस्कर इसी तरह अवैध गतिविधियों को अंजाम देने में लगे हुए हैं।

### गागोरनी का वैष्णव समाज सहित अन्य ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

# ...तो मंदिरों में पूजा-पाठ बंद कर देंगे वैष्णव समाजजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विगत 22 अक्टूबर को जीरापुर क्षेत्र के गांव गागोरनी में रास्ते के पुराने विवाद को लेकर समुदाय विशेष से जुड़े कुछ लोगों ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। इस हमले में बैरागी समाज के कई लोग घायल हो गए। जिनमें से कुछ को झालावाड़ रेफर करना पड़ा था। वहीं एक गर्भवति महिला से भी काफी मारपीट की गई थी। इस घटना के बाद जीरापुर पुलिस ने कुछ लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। वहीं फरियादियों का कहना है था कि पुलिस द्वारा मामूली धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली लेकन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इस संबंध में पीड़ित पक्ष सहित ग्रामीणों ने 23 अक्टूबर को कलेक्टेट पहुंचकर आरोपियों द्वारा सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलवाने की मांग रखी थी। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से आक्रोषित बैरागी समाज सहित अन्य ग्रामीणजन मंगलवार को पुनः कलेक्टेट पहुंचे।

### मेन गेट पर बैठकर पड़ी हनुमान चालीसा

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की मंशा से सभी ग्रामीण राजगढ़ पहुंचे थे। तहसीलदार अनिल शर्मा एवं अपर कलेक्टर जब ज्ञापन लेने पहुंचे तो ग्रामीणों ने मना कर दिया और वे सीधे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की बात पर अड़ गए। इसको लेकर पीड़ितों एवं ग्रामीणों ने काफी समय तक कलेक्टोरेट के मेन गेट के सम्मुख बैठकर नारेबाजी की। कलेक्टर द्वारा ज्ञापन लेने नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों मौके पर ही बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। हालांकि, उचित कार्यवाही के आश्वासन के बाद ग्रामीणजन मान गए। उन्होंने प्रशासन को अल्टीमेटम भी दिया कि यदि अभियुक्तों द्वारा सरकारी जमीन पर बनाए गए मकानों, अवैध कब्जों पर बुलडोजर नहीं चलाया गया तो वे मंदिरों में पूजा-पाठ पूरी तरह बंद कर देंगे।

### भाजपा के जिला स्तरीय युवा सम्मेलन में बोले वक्ता...

# भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

मुख्यालय स्थित मंगल भवन परिसर में भाजपा के जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रोडमल नागर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पहले हम रक्षा उपकरणों के आयातक थे लेकिन आज हम निर्यातक बन चुके हैं। सुपर सोनिक मिसाइल, पनडुब्बी और अनेक प्रकार के स्वदेशी हथियार देश में निर्मित हो रहे हैं। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भाजपा रन फॉर यूनिटी का आयोजन करेगी। आगामी 31 अक्टूबर को इस दौड़ में अनेकों लोग सम्मिलित होकर एकता का संदेश देंगे। विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि आज का भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

### विधायक ने किया स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान

विधायक यादव ने कहा कि भारत किसी भी वस्तु या सेवा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर न रहे। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब स्वदेशी उत्पादों को अपनाएँ, जिससे देश आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बने। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रताप मंडलोई, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव, मोना सुस्तानी, दीपेंद्र चौहान, जिला महामंत्री अमित शर्मा, रामचंद्र जलालिया, केपी पवार सहित भाजपा जिला पदाधिकारी जसवंत गुर्जर, शैलेश गुप्ता, जगदीश नागर, ईश्वर सिंह तोमर, नगर पालिका का अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व जिला महामंत्री मनोज हाड़ा, मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी, पूजा सोंधिया, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, जिला सह-मीडिया प्रभारी जगदीश दास सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाई



**सुठालिया।** नगर के परलापुरा मोहल्ले में मंगलवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, परलापुरा निवासी अंशु वर्मा (17) पुत्र मनोज वर्मा, जो कक्षा 12वीं का छात्र था, ने मंगलवार को अपने घर के पीछे वाले कमरे में फांसी लगा ली।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात अंशु अपने माता-पिता के साथ सोया था। सुबह करीब 4 बजे जब माता-पिता ने उसे बिस्तर पर नहीं पाया, तो तलाश करने पर वह पीछे के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला।परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रवीण जाट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। किशोर के मोबाइल फोन और कॉल रिकॉर्ड्स की भी जांच की जाएगी, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता चल सके। पुलिस ने प्रारंभिक रूप से मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। मृतक अंशु के पिता मनोज वर्मा नगर में लॉन्ड्री की दुकान चलाते हैं। परिजनों के अनुसार, अंशु पढ़ाई में सामान्य था और हाल के दिनों में किसी प्रकार का कोई विवाद सामने नहीं आया था। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

## तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का समापन शोभायात्रा के साथ संपन्न



**सारंगपुर।** श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर भूरी का मैदान प्रांगण में श्री गोपाल कृष्ण भजन मंडली के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का समापन भक्तिमय वातावरण में शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर कथा वाचिका कविता दीदी राजगुरु ने प्रतिदिन प्रातः 8 से 12 बजे तक भक्तिभाव से कथा वाचन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। प्रत्येक दिवस कथा के बाद आरती एवं प्रसादी वितरण हुआ। अंतिम दिवस पर भजन मंडली की समस्त महिलाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कथा एवं भजन-नृत्य कार्यक्रम देर रात्रि 1 बजे तक चलता रहा। भक्ति के इस उल्लासपूर्ण माहौल में वर्षा होने के बावजूद महिलाएं अंत तक डटी रहीं और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर भजन मंडली की प्रमुख शकुंतला सोनी, गौराबाई राठौर एवं ललिता राठौर ने सफल आयोजन में सहयोग देने वाली सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

# सारंगपुर कृषि उपज मंडी के सामने रोड पर किसानों ने लगाया चक्का जाम

## पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद खुला मार्ग

**सारंगपुर।** सोमवार को कृषि उपज मंडी सारंगपुर में किसानों ने सोयाबीन खरीदी में हो रही देरी के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया और मंडी गेट के सामने भोपाल रोड पर चक्का जाम लगा दिया। किसानों का कहना था कि भावांतर भुगतान योजना के तहत निर्धारित समय पर खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर से लेकर शाम 4 बजे तक भी खरीदी प्रारंभ न होने पर किसानों का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने मंडी परिसर में नारेबाजी करते हुए तत्काल खरीदी शुरू करने तथा नगद भुगतान की मांग की।

किसानों ने बताया कि आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान में कई दिनों की देरी होती है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मंडी में प्रतिदिन खरीदी के लिए लंबी कतारें लगती हैं, लेकिन निर्धारित समय सीमा में खरीदी न होने से उनका समय और श्रम दोनों बर्बाद हो रहा है। चक्का जाम की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चैहान,



पुलिस बल और मंडी प्रशासन मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे, तब पुलिस ने हस्तक्षेप कर जाम खुलवाया। बाद में मंडी सचिव राजेश खरे ने किसानों से चर्चा कर अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ करवाई। खरीदी प्रारंभ होते ही किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। देर शाम तक मंडी में खरीदी का कार्य सामान्य रूप से जारी रहा।



### कृष्ण कुंज में तीसरे दिन घने कोहरे के बीच किया योगाभ्यास

**नरसिंहगढ़।** संजय नगर स्थित कृष्ण कुंज में जारी निःशुल्क योग शिविर के तीसरे दिन मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, बावजूद इसके योग साधकों ने पूरे उत्साह और मनोयोग के साथ योगाभ्यास किया। प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, योगिंग और जॉगिंग जैसे आसनों को साधक सहजता से करने लगे हैं। शिविर में प्रतिभागियों ने तीन दिनों के अपने अनुभव भी साझा किए। साधकों ने बताया कि योग करने से उन्हें अलग आनंद की अनुभूति हो रही है तथा जोड़ों के दर्द, डिप्रेशन व अन्य रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ रही है। आज के सत्र में मंजू लता शिवहरे, लक्ष्य भेद फिजिकल ग्रुप के संचालक मनीष चोपड़ा एवं भरत झंवर द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। योग शिक्षक महंत दीपेंद्र दास, प्रणपाल सिंह खींची, विवेक उपाध्याय व अशोक शिवहरे ने अपने 25 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए विभिन्न क्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। लक्ष्य भेद फिजिकल ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

# सहस्त्रबाहु जयंती पर निकला चल समारोह



**कुरावर।** रविवार दोपहर नगर में कलचुरी कलाल समाज द्वारा राजराजेश्वर भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई। सुबह समाज की धर्म शाला की जमीन पर टेंट लगाकर सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा अपने आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु की पूजन अर्चन की तथा सहस्त्रबाहु अर्जुन का भव्य रथ सजाकर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समस्त कलचुरी समाजजन सम्मिलित हुए। शोभायात्रा के आगे डीजे, ढोल के साथ चल समारोह नगर के मुख्य बाजार से निकाला गया जिसका जगह जगह पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज के बुजुर्ग लोंगो का साफा पहनाकर सम्मान किया। पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी और कविता और गीत भी प्रस्तुत किए तो किसी ने सहस्त्रबाहु जी के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। आयोजन समिति के सभी साथियों ने अध्यक्ष शिव नारायण जायसवाल मार्गदर्शन एवं महिला मंडल की अध्यक्ष डोली शिवहरे के मार्गदर्शन में सुनियोजित सफल कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम 5 बजे तक चला कुरावर के अलावा आसपास के गाँवो के सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।